सुप्रभात

बुधवार 31.07.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 103

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

## रंजय हत्याकांड में गवाह पेश करने का कोट ने दिया आदेश

**धनबाद।** विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह उर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधिश डी सी अवस्थी की अदालत ने अपर लोक अभियोजक उमेश दीक्षित को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को रांची के होटवार जेल से वीसीएस द्वारा पेश किया गया। जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह आज हाजिर नहीं थे। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की।

## नन्हे हत्याकांड में गवाह पेश करने का दिया गया आदेश

**धनबाद।** जमीन कारोबारी नन्हे खान की सरेआम हत्या के मामले में मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार की अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। आज अभियोजन ने कोई गवाह पेश नहीं किया। प्रिंस की मां नासरीन खातून की ओर से अधिवक्ता उदय कुमार भट्ट ने प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया था। 24 नवंबर 21 को दोपहर लगभग 3:20 बजे दो बाइक पर सवार चार शूटरों ने बुलेट से जा रहे 37 वर्षीय नन्हे पर गोलियां की बौछार कर दी। घटना को अंजाम देकर अपराधी आराम से भाग निकले थे।

## अदालत को दी गई बच्चा सिंह की मौत की सूचना

■ मटकुरिया गोलीकांड की हुई सुनवाई

**धनबाद।** मटकुरिया गोलीकांड की सुनवाई जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई। सुनवाई के दौरान कांड के आरोपी, मन्नान मल्लिक, व अन्य हाजिर नहीं थे। अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पूर्व मंत्री बच्चा सिंह की ओर से आवेदन देकर कोर्ट को बताया कि उनकी मौत हो गई है। अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है। मालूम हो कि 27 अप्रैल 11 को मटकुरिया में बीसीसीएल के आवासों को अतिक्रमण से मुक्त कराने गये पुलिस बल के साथ आंदोलनकारियों की हिंसक झड़प हुई थी। घटना में तत्कालीन एसपी आर के धान जख्मी हो गए थे। विकास सिंह समेत चार लोगों की मौत हो गई थी।

## नाबालिग का अपहरण एवं दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, सजा आज

**धनबाद।** नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के एक मामले मे आज धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने नामजद आरोपी रांगामाटी सिंदरी निवासी अर्जुन पांडे को दोषी करार दिया है। अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए बुधवार की तारीख तय की है। प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर बलियापुर थाने में 17 मई 18 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 10 मई18 को पीड़िता अपने घर से लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी परिजनों को पता नहीं चलाा। आरोप था कि अर्जुन पांडे उसे अपने साथ घुमाने ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 27 जुलाई 18 को अर्जुन के विरुद्ध आरोप पत्र दायर किया था। 22 फरवरी 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी। अभियोजन ने इस मामले में सात गवाहों का परीक्षण कराया था।

# निरसा के रंगरागुटू जंगल से दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**अपराधियों के पास से 8 मोबाइल फोन और 2 सीम बरामद**



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा क्षेत्र के एमपीएल ओपी पुलिस ने रतनपुर एवं हरिहरपुर गांव के बीच रंगरागुटू जंगल से दो साइबर अपराधियों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है, जबकि एक भागने में सफल रहा। अपराधियों के पास से 8 मोबाइल फोन, 2 सीम, 1 तिरपाल एवं मोबाइल नंबरों की लिस्ट बरामद की गई है। निरसा के एसडीपीओ रजत माणिक बाखला ने मैथन स्थित ऑफिस में प्रेसवार्ता के जरिये यह जानकारी दी।

एसडीपीओ ने बताया कि प्रतिबिंब ऐप पोर्टल पर संदिग्ध मोबाइल नंबर 8389089679 का लोकेशन ट्रेस होने के बाद वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर एमपीएल ओपी प्रभारी योगेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सोमवार को रंगरागुटू जंगल में छापेमारी की गई। कहा कि लोकेशन स्थल के समीप झाड़ियों से कुछ लोगों की बातचीत की आवाज सुनाई दी। इसके बाद उस झाड़ीनुमा स्थल की घेराबंदी कर छापा मारा गया। पुलिस को देखते ही तीनों अपराधी भागने लगे, हालांकि पुलिस की तत्परता से दो पकड़े गए और एक भागने में सफल रहा। पकड़े गए अपराधियों ने पूछताछ में अपना नाम विकास दा (34) गांव बिष्टुपुर थाना नारायणपुर जिला जामताड़ा और हरिबोल दा (23) गांव सोनबाद, थाना+जिला- जामताड़ा बताया है। भागने वाले का नाम समीर दा गांव लोकोनिया, थाना नारायणपुर जिला जामताड़ा बताया गया।

छापेमारी दल में एमपीएल ओपी प्रभारी योगेन्द्र कुमार के अलावा एमपीएल ओपी के पुआनि कार्तिक भगत एवं निरसा थाना के पुआनि पवन तिर्की शामिल थे।

### जंगल में तिरपाल बिछा कर रहे थे धंधा

एसडीपीओ ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार लोगों ने बताया कि तीनों पिछले दो दिनों से जंगल में तिरपाल बिछाकर मोबाइल फोन से पैनकार्ड, एटीएम, आधार कार्ड आदि बंद होने का झांसा देकर लोगों से गोपनीय सूचना व ओटीपी प्राप्त करते थे और उसके बाद उनके बैंक खाते से पैसा उड़ाने का काम कर रहे थे। एमपीएल पुलिस ने इन साइबर अपराधियों के खिलाफ कांड संख्या 242/24 के तहत मामला दर्ज किया है। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों को मंगलवार को जेल भेज दिया गया और समीर को गिरफ्तार करने के लिए सम्भावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# गिरिडीह में पांच साइबर अपराधी धराये

**गिरिडीह में अब तक पकड़े गए 262 अपराधी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने एक बार फिर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि बेंगाबाद थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी कर रहे हैं। इसी सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अजय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रामप्रवेश यादव, पुनीत कुमार गौतम, सहायक अवर निरीक्षक गजेन्द्र कुमार, आरक्षी दामोदर प्रसाद मेहता, अरूण कुमार को शामिल किया गया। टीम ने छापेमारी की और पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में बेंगाबाद देवाटांड के 21 वर्षीय अमजद अंसारी उर्फ डबलू, 28 वर्षीय खुर्शीद अंसारी, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के करिहारी का 22 वर्षीय मोहन मंडल, डुमरी कुष्टो नावाडीह का 19 वर्षीय विक्की मंडल, सरिया चिरुआं, चिचाकी का 24 वर्षीय मोजाहीद शामिल है। पुलिस ने गिरफ्तार इन अपराधियों के पास से 9 मोबाइल, 3 एटीएम, 2 पैन कार्ड, 13 सिम कार्ड और 3 आधार कार्ड बरामद किया है। ज्ञात हो कि गिरिडीह पुलिस साइबर अपराधियों को पकड़ने के लिए लगातार अभियान चला रही है। अभियान अभी जारी रहेगा।

**प्रतिबिंब पोर्टल की मदद से पकड़ा रहे हैं अपराधी**



### लड़कियों को भेजते थे न्यूड वीडियो

गिरफ्तार अभियुक्तों ने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे गर्भवती महिलाओं के मोबाइल पर कॉल कर उन्हें मातृत्व राशि का लाभ दिलाने, लड़की से न्युड वीडियो कॉलिंग कराने एवं लडकी उपलब्ध कराने का लिंक भेजकर और एयरटेल पैमेंट बैंक एवं कुरियर सर्विस का कस्टमर केयर सर्विस बनकर ठगी करते थे। विगत 10 महीने में पुलिस ने लगभग 262 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# अवैध पिस्टल के साथ घर में छिपे अपराधी को पुलिस ने दबोचा, गोली और मोबाइल बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** अवैध पिस्टल के साथ घर में छिपे एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि विगत 29 जुलाई सोमवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा को गुप्त सूचना मिली कि गांडेय थाना क्षेत्र के खोरीमहआ निवासी अलीमुद्दीन अंसारी उर्फ बोसु नामक एक आरोपी के पास अवैध पिस्टल है और वह अभी अपने घर में ही छिपा बैठा है। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए एसपी के निर्देश पर सदर एसडीपीओ बिनोद रवानी के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया, जिसमें पुलिस अवर निरीक्षक सह गांडेय थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, अहिल्यापुर थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह बिष्ट, आरक्षी अर्जुन महतो, छोटू वर्मा, कृष्णकांत गुप्ता और कुंदन कुमार सिंह को शामिल किया गया। आरोपी 28 वर्षीय अलीमुद्दीन अंसारी उर्फ बोसु के खोरीमहुआ स्थित घर पर छापेमारी की गई। उसके पास एक लोडेड अवैध देसी सेमीऑटोमोटिक पिस्टल, चार जीवित गोली और तीन मोबाइल बरामद किया गया। अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया कि गिरफ्तार आरोपी ने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर विगत 24 जुलाई को अहिल्यापुर के माथाशेर में और उससे पहले 18 जुलाई को नारायणपुर के चम्पापुर मोड से खरबनवा जाने वाले रास्ते पर तथा अन्य कई जगहों पर लूट एवं छिनतई में इसी पिस्टल का इस्तेमाल किया था। पुलिस ने गिरफ्तार इस आरोपी के पास से एक लोडेड देसी सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल के अलावो एक मैगजीन, 7.65` की चार जिन्दा गोली, 2 स्मार्ट मोबाइल और एक की पैड मोबाइल भी बरामद किया है।



### महिला का पर्स छीनने वाले दो अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

**गिरिडीह।** जिले के बेंगाबाद थाना क्षेत्र के खंडोली मोड़ के पास मुख्य मार्ग पर एक महिला का पर्स छीनने वाले मोटरसाइकिल पर सवार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि विगत 22 जुलाई को देर शाम खंडोली मोड के पास दो युवकों ने एक महिला से पर्स छीन लिया था। पर्स में लगभग 19 हजार रुपये, एक मोबाइल एवं एटीएम कार्ड था। भुक्तभोगी ने बेंगाबाद थाना में मामला दर्ज कराया। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने बेंगाबाद की पुलिस निरीक्षक ममता कुमारी के नेतृत्व में टीम गठित की। टीम में बेंगाबाद थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह, नवडीहा ओपी प्रभारी दीपक कुमार, बेंगाबाद थाना के पुलिस अवर निरीक्षक सुरेंद्र सिंह शामिल थे।

# पूर्व मंत्री बच्चा सिंह की हुई अंत्येष्टि भतीजा अभिषेक सिंह ने दी मुखाग्नि

**मणिकर्णिका घाट पर पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पूर्व मंत्री बच्चा सिंह का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। मंगलवार को वाराणसी (यूपी) के मणिकर्णिका घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। भतीजे अभिषेक सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंत्यष्टि में परिवार के अन्य कई सदस्य मौजूद थे। ज्ञात हो कि सोमवार को बच्चा बाबू का धनबाद के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। जिला प्रशासन ने राजकीय सम्मान के साथ उन्हें विदाई दी थी। तमाम जनप्रतिनिधियों ने भी उनके सूर्यदेव नगर स्थित आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी थी। ज्ञात हो कि कोयलांचल की राजनीति में सिंह मेंशन घराना अब भी सक्रिय है। पांच भाइयों में तीन भाई सूर्यदेव सिंह, राजन सिंह व बच्चा सिंह का निधन हो गया है। अब इस परिवार में रामाधीर सिंह व विक्रमा सिंह ही जीवित रह गये हैं। परिवार की राजनीति को अब इस घराने के बेटे और बहू आगे बढ़ा रहे हैं।

# सावन महोत्सव में दिया गया पर्यावरण की रक्षा का संदेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गुरु नानक महाविद्यालय धनबाद के हिंदी-विभाग द्वारा मंगलवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि के स्नातकोत्तर हिंदी-विभाग के अध्यक्ष प्रो डॉ मृत्युंजय सिंह एवं सहायक प्राध्यापक प्रो डॉ मुकुंद रविदास मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो सोनू प्रसाद यादव द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभा में उपस्थित गणमान्य विद्वानों के औपचारिक स्वागत से किया गया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम सरस्वती वंदना से शुरू हुआ। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को प्रसारित करने के उद्देश्य से लघु नाटिका पृथ्वीः शांतिः अंतरिक्ष शांतिः की प्रस्तुति हुई। 'बादड़ियो गगरिया भर दे नदिया धीरे-धीरे बहना वो पुराने दिन कविता पाठ से छात्राओं ने समां बांधा। प्रो डॉ मुकुंद रविदास ने कहा कि विश्वविद्यालय एक समुद्र है और इसके अंतर्गत सभी महाविद्यालय नदी के समान प्रवाहमान हैं। प्रो. अमरजीत सिंह ने कहा कि सावन महोत्सव का दैवीय व सांस्कृतिक दोनों ही रूपों में अविस्मरणीय महत्व है। हिंदी विभाग द्वारा सावन महोत्सव का सफल आयोजन प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय प्रसाद के संरक्षण में संपन्न हुआ।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर हाय-तौबा से नाराज झामुमो ने किया प्रदर्शन, फूंका पुतला

**केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** संथाल परगना के कई जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासी महिलाओं से शादी का प्रपंच कर उनकी जमीन पर कब्जा, फर्जी आधार कार्ड बनाकर रहने के मामले में झारखंड विधानसभा में हेमंत सरकार के खिलाफ मचे हाय तौबा से गुस्साए झामुमो ने मंगलवार को भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। पार्टी के अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता शहर के अंटा बंगला से प्रदर्शन करते हुए निकले और टावर चौक पहुंचकर केन्द्र सरकार के गृहमंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान झामुमो नेताओं व कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। टॉवर चौक पर झामुमो के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष संजय सिंह ने भाजपा पर झारखंड को धर्म के आधार पर बांटने का आरोप लगाते हुए कहा कि संथाल परगना में घुसपैठियों का कब्जा हो चुका है तो गृह मंत्री सोए हुए है क्या या इस मामले में पूरा गृह मंत्रालय क्या कर रहा है। बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ कारवाई क्यों नहीं कर रहे है। कहा कि गृह मंत्री और भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सरकार को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि संथाल में किसी बांग्लादेशी घुसपैठिये का कोई कब्जा नहीं हुआ है, बल्कि बाहरियों को राज्य में भाजपा बसा रही है। प्रदर्शन में झामुमो नेता अजीत कुमार पप्पू, शहनवाज अंसारी, पलटन, दिलीप रजक, अभय सिंह, गीता हाजरा, राकेश रंजन, रॉकी सिंह, राकेश सिंह उर्फ टुन्ना समेत कई झामुमो नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

# बंद खदान से एल्युमिनियम, तांबा लोहा तार की चोरी में तीन धराये

**निरसा एसडीपीओ ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** कुमारधुबी चानक की बंद खदान ईसीएल से तांबा, लोहा और एल्युमिनियम की चोरी के मामले में तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला ने मंगलवार को मैथन स्थित अनुमंडल कार्यालय में प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। ईस्ट कुमारधुबी की बंद खदान में तांबा लोहा और एल्युमिनियम की चोरी की सूचना लगातार पुलिस को मिल रही थी। वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार द्वारा टीम गठित कर चोरी मामले में संलिप्त व्यक्तियों का पता लगाने का प्रयास किया गया और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। विगत सोमवार को रात करीब 1 बजे गुप्त सूचना के आधार पर ईस्ट कुमारधुबी चानक ईसीएल बंद खदान में छापेमारी की गई। जब पुलिस पहुंची तो 6- 7 व्यक्ति तार काटने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस पर नजर पड़ी तो वे लोग भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर तीन व्यक्तियों को पकड़ा, जबकि बाकी अंधेरा का फायदा उठाकर भाग निकले।

### झाड़ियों में छुपा कर रखा था तार

चिरकुंडा पुलिस द्वारा पकड़े गए तीन व्यक्तियों में मोहम्मद आफताब अंसारी (उम्र 20 वर्ष) कादिर मोहल्ला, नौशाद खान (उम्र 25 वर्ष) नीचे बाजार, राजू अली उर्फ राजू (36 वर्ष) शामिल हैं। उनकी निशानदेही पर डीवीसी कॉलोनी की झाड़ियां में छिपाकर रखे गए करीब 10 किलो ग्राम तांबा का तार बरामद किया गया। पकड़ाये व्यक्तियों ने अपने चार साथियों का नाम बताया है। पकड़े हुए तीनों व्यक्तियों को जेल भेजा जा रहा है। छापेमारी टीम में चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह, शशि प्रकाश, रोहित कुमार वर्मा, कमलजीत चौधरी, वीरेंद्र बाड़ा, अरुण कुमार मेहता मौजूद थे।

# विधानसभा परिसर में धरना पर बैठीं विधायक अपर्णा सेनगुप्ता

**बंद पड़ी निरसा-गोविंदपुर जलापूर्ति योजना शुरू करने की मांग**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता निरसा-गोविंदपुर जलापूर्ति योजना को पुनः शुरू करने की मांग को लेकर मंगलवार को विधानसभा परिसर में धरना पर बैठ गई। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द निरसा-गोविंदपुर जलापूर्ति योजना चालू की जाए और निरसा पांड्रा मोड़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पाइपलाइन के जरिये जलापूर्ति की जाए। झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर विधायक अपर्णा सेनगुप्ता से मिले और उनकी समस्याएं सुनी। विधायक ने मंत्री को मांगपत्र सौंपा। मंत्री श्री ठाकुर ने उन्हें आश्वस्त किया कि मांगों पर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि निरसा-गोविंदपुर जलापूर्ति योजना वर्ष 2017 में 439 गांव में पेयजलापूर्ति हेतु टहल कंपनी द्वारा शुरू की गई थी। 36 माह में कार्य पूरा करना था, किंतु समय से कार्य पूरा नहीं करने के कारण कंपनी को काली सूची ( ब्लैक लिस्ट )में डाल दिया गया था। इधर भीषण गर्मी को देखते हुए नये सिरे से टेंडर कराकर बंद पड़ी योजना को पुनः शुरू करने की मांग सरकार से की गई। इसके बाद सरकार ने रिटेंडर कराकर अधूरे काम को शुरू कराया था, किंतु प्रारंभ होने के बाद भी कार्य बंद पड़ा है।



### विधायक ने रखीं अन्य मांगें

विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने विधानसभा के मानसून सत्र के अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से निरसा विधानसभा क्षेत्र के पाण्ड्रा उच्च विद्यालय, पोद्दारडीह उच्च विद्यालय, केलियासोल तथा सलूकचापड़ा उच्च विद्यालय में 10+2 पढ़ाई की उचित व्यवस्था की मांग की। कहा कि इन विद्यालयों में 10+2 की पढ़ाई नहीं होने के कारण आसपास के ग्रामीण छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए 10 से 15 किलोमीटर दूरी तय करनी पड़ती है तथा वे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। साथ ही मानसून सत्र के अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से निरसा पोद्दारडीह राज ग्राउंड स्टेडियम में गैलरी का निर्माण, तोरण द्वार गेट, स्टेज बाउंड्री तथा बाउंड्री में फेंसिंग, वायरिंग, पेयजल, खिलाड़ियों के लिए अन्य सुविधाओं की व्यवस्था चालू वित्त वर्ष में करने की मांग सरकार से की है।

# बीआईटी सिंदरी के निरंजन राय कंस्ट्रक्शन कंपनी में कर्मी की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी में 900 छात्रों के लिए हॉस्टल व परीक्षा भवन बना रही कंपनी मेसर्स निरंजन राय कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत कर्मी रोहित कुमार बाउरी (22) की करंट लगने से घायल मंगलवार को साढ़े तीन बजे हुई। आनन फानन में साइट इंचार्ज ने रोहित को धनबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद रोहित को मृत घोषित कर दिया। रोहित सिंदरी के मनोहरटाँड़ पानी टंकी के समीप प्राइवेट आवास निवासी भीम बाउरी का अविवाहित पुत्र था। मौत की खबर पाकर उसके परिजन छात्रावास निर्माण स्थल पर हंगामा किया। घटना के संबंध में रोहित के साथी कर्मी बलबीर बाउरी ने बताया कि बीते दो दिन पहले से निर्माण कार्य में लिफ्ट में करंट आ रहा था। इससे सुपरवाइजर विनय कुमार को भी करंट से झटका लगा था। परंतु कंस्ट्रक्शन कंपनी के इंजीनियर और कर्मियों को बार बार जानकारी देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# हाइवा एसोसिएशन करेगा एम पी एल का रेलवे ट्रैक जाम

## अनिश्चित कालीन अभियान के तहत औवर ब्रिज के निकट बैठे धरना पर



खबर मन्त्र सावददाता

**मैथन।** निरसा हाइवा एसोसिएशन के अध्यक्ष उज्ज्वल तिवारी के नेतृत्व में मंगलवार को भारी संख्या में हाइवा मालिक खुशरी मोड़ के समीप रेलवे ओवरब्रिज के सामने टेंट लगाकर धरना पर बैठ गए। एसोसिएशन के अध्यक्ष तिवारी ने कहा कि पूर्व के कई आंदोलनों के बाद जब एम पी एल में कोयले का परिचालन रेल से करने की शुरूआत हुई, तब बैठक में यह सहमति बनी थी कि कोयले की पचास प्रतिशत ढुलाई हाइवा से की जाएगी। शेष पचास प्रतिशत कोयले की परिचालन रेलवे के जरिये होगा।

परंतु विगत कई दिनों से हाइवा से कोयले की ढुलाई धीरे-धीरे एक साजिश के साथ कम की जा रही है, जिससे हाइवा मालिकों के बीच रोजी-रोटी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

हाइवा नहीं चलने के कारण मलिकों के सामने कई वित्तीय समस्याएं खड़ी हो गई हैं, जिससे बेरोजगारी की भी समस्या उत्पन्न होने लगी है। हाइवा से जुड़े सैकड़ो लोग बेरोजगार होने की स्थिति में आ गए हैं। ऐसी स्थिति को देख एसोसिएशन ने एम पी एल में कोयले के परिचालन में लगे रेल को अनिश्चित काल तक रोकने का निर्णय लिया है।

हाइवा ऑनर संजय सिंह ने कहा कि अगर एम पी एल हाइवा मालिकों की बातों पर सहमत नहीं होता है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जब तक हमारी मांगों को नहीं माना जाएगा, तब तक एम पी एल के रेलवे ट्रैक को जाम रखा जाएगा, जिससे रेल से कोयले का परिचालन एम पी एल में नहीं हो सके।

हालांकि एम पी एल प्रबंधन की तरफ से हाइवा एसोसिएशन के साथ वार्ता की इच्छा जताई गई। इसके बाद एसोसिएशन के कई अधिकारी तथा हाइवा मलिक एम पी एल प्रबंधन से वार्ता करने एम पी एल गए। फिलहाल रेलवे ट्रैक बाधित है और हाइवा मलिक धरने पर श्रीकांत पांडे, महेश्वरी यादव, अभिजीत चक्रवर्ती, फिरोज खान प्रशांत पांडे, धीरज मिश्रा, एकलाख आदि बैठे हुए हैं।

### पूर्व विधायक अरूप चटर्जी की माता की चौथी पुण्यतिथि मनाई



**कुमारधुबी।** तीन बार के विधायक लोकप्रिय नेता शहीद गुरुदास चटर्जी की धर्मपत्नी एवं निरसा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक अरुप चटर्जी की माता अंजलि चटर्जी की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर उत्क्रमित विद्यालय मेढा में बच्चों के लिए कुछ खाने-पीने की सामग्री का वितरण श्री चटर्जी ने किया। इस अवसर पर मेढा ग्राम के मुखिया मनोज राउत, कृष्णेन्दु मजूमदार, स्कूल के हेड मास्टर धनंजय राउत, टीचर तन्मय बनर्जी, समीर दास, साधना तिवारी, नारायन बाउरी,दिनेश बाउरी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### पीजी सेमेस्टर 2 की परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग

**धनबाद।** एनएसयूआई के प्रतिनिधि एव छात्रों ने डीएसडब्ल्यू डॉ. पुष्पा कुमारी से मुलाकात की मुलाकात कर अपनी मांगों तथा समस्याओं को उनके समक्ष रखा। छात्रों का नेतृत्व विश्वविद्यालय महासचिव मोहित कुमार ने किया तथा मौके पर जिला अध्यक्ष गोपाल कृष्ण चौधरी उपस्थित रहे। मोहित कुमार ने बताया कि पीजी सेमेस्टर 2 सत्र 2023 - 25 की परीक्षा तिथि 10 अगस्त बताई गई है जबकि पीजी सेमेस्टर 2 में पढ़ रहे छात्रों की दूसरे जेनेरिक पेपर के परीक्षा ड्डी अगस्त महीने में होने की संड्डावना है तथा पीजी सेमेस्टर 2 के छात्रों का अड्डी तक सिलेबस कंप्लीट नहीं हुआ है, जिस कारण छात्र परीक्षा देने में असमंजस में हैं।

# शहीद शक्ति क्लब ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

## झामुमो किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ने किया उद्घाटन



खबर मन्त्र सावददाता

**कतरास।** शहीद शक्ति क्लब तेतुलियाटांड द्वारा स्थानीय फुटबॉल मैदान में मंगलवार को दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।
उद्घाटन मैच न्यू शक्ति स्पोर्टिंग क्लब सिजुआ भेलाटांड एवं सरस्वती क्लब कांको के बीच खेला गया।

इसके पहले किक मारकर मैच का उद्घाटन झामुमो किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिव प्रसाद महतो ने किया। इस मौके पर पीताम्बर महतो, प्रेम महतो, बबलू रवानी, बडाबाबु, गणेश चौहान आदि मौजूद थे।

# राज्य को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकना चाहती है भाजपा : शमशेर

## कांग्रेस ने शुरू किया जनसंवाद कार्यक्रम



खबर मन्त्र सावददाता

**सिंदरी ।** झारखंड विधानसड्ढा चुनाव में कांग्रेस गठबंधन सरकार की जीत सुनिश्चित करने को लेकर मंगलवार को जन संवाद कार्यक्रम चलाया गया। सिंदरी, चासनाला और झरिया में कार्यक्रम के दौरान लोगों के बीच कांग्रेस सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों से अवगत कराया गया।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शमशेर आलम ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में झारखंड में कांग्रेस बेरोजगारी, महंगाई से लड़ते हुए राज्य का विकास कर सकती है। ड्डाजपा राज्य को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकना चाहती है। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और बाबूलाल मरांडी की तिकड़ी का राज्य का विकास से कोई वास्ता नहीं है। झारखंड की खनिज पदार्थ को अपने चहेते कारपोरेट घरानों अंबानी और अदानी को सौंपकर बर्बाद करने की साजिश कर रहे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में राज्य को बचाकर साम्प्रदायिक ताकतों को रोकना जरूरी है। दौरे में प्रदेश कांग्रेस आमंत्रित सदस्य मुख्तार खान, महेंद्र पांडेय, दिलीप मिश्रा, बिरेंद्र गुप्ता, शियाकांत दुबे, करीम अंसारी, इम्तियाज अली थे।

# जनशक्ति दल का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



खबर मन्त्र सावददाता

**कतरास।** जनशक्ति दल का स्थापना दिवस कांको स्थित कार्यालय परिसर में मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम शुरू किया गया। इस मौके पर जन शक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो ने कहा कि क्षेत्र का विकास एवं यहां के युवाओं को रोजगार से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन की लहर चल रही है।

उन्होंने संगठन की मजबूती पर बल दिया। समारोह में बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से ड्डारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर मोहम्मद शहाबुद्दीन, भदानी जी, प्रभात मिश्रा, सुरेश सिंह, बलराम महतो, महादेव दास, रविंद्र रजवार, देबू सिंह, सुरेश प्रमाणिक सुबोध कुमार, सतीश शर्मा, मनोज महतो आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### अरविंद केजरीवाल को जेल में रखने का विरोध, आप कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन




**धनबाद।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शराब घोटाला के आरोप के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं। विरोध में सोमवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर धरनाःप्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला संयोजक अशोक कुमार महतो नें किया। आम आदमी पार्टी के समर्थक एवं उनके कार्यकर्ताओं का कहना है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी अवैध है । साथ ही जेल में केजरीवाल के स्वास्थ्य पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने,केंद्र सरकार के विरुद्ध जम कर नारेबाजी की। केजरीवाल के स्वस्थ होने के लिए हनुमान चालीसा पाठ भी किया गया। प्रदर्शन में राजेश कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह, विनोद कुमार जायसवाल, राजकुमार जी, सहजन खान, विजय कुमार, सदन पासवान, भुनेश्वर महतो, निर्मल महतो, बबलू महतो, मो जावेद अख्तर,अशुल कुमार, सतीश कुमार रवि, उमा नंद तिवारी, आदि शामिल थे।

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर निरसा में कार्यशाला आयोजित, 10 को शिविर लगाया



**मैथन।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर निरसा प्रखंड सभागार में प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी दास की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रखंड के सभी 27 पंचायत में तीन अगस्त से 10 अगस्त तक शिविर लगेगा। इस दौरान किसी भी कर्मचारी को छुट्टी नहीं मिलेगी। साथ ही साथ रविवार को भी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बीडीओ इंद्रलाल ओहदार ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी सेविका, पर्यवेक्षिका 3 तारीख से पहले यह सुनिश्चित करें कि सभी घरों का सर्वे हो जाए तथा सभी लोगों को मंईयां सम्मान योजना का फॉर्म भरवा लिया जाए। शिविर में एक पंचायत में एक दिन में काम से कम ढाई सौ आवेदन का निष्पादन करना है। उन्होंने कहा कि आवेदन कर्ताओं से आधार कार्ड वोटर कार्ड आधार लिंक बैंक का पासबुक एवं लाभुकों का रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो फार्म में लगा रहना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन करने के समय सभी लोग लाभुक अपने मूल दस्तावेज एवं मोबाइल के साथ मौजूद रहेंगे। ऑनलाइन फॉर्म भर आते हैं उनके मोबाइल में ओटीपी आएगा। शिविर मों बीडीओ इंद्रलाल ओहदार ने कहा कि वोटर कार्ड एवं आधार कार्ड में यदि जन्मतिथि अलग-अलग होगी तो आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को मान्यता दी जाएगी। कार्ड से यदि पांच लाभुक मंईयां सम्मान योजना की यह हादसा को पूरा करते हैं तो उन्हें इसका लाभ प्रदान किया जाएगा। एक मोबाइल नंबर से 5 लाभुकों को ओटीपी को मान्यता दी जाएगी।

### मुखिया और जलसहिया की बैठक में खराब चापाकलों को लेकर हंगामा

**गोविंदपुर ।** जल जीवन मिशन अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को सभी मुखिया और जलसहिया की बैठक में खराब चापाकलों को लेकर हंगामा हुआ । मुखियों ने कहा कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग न तो कहीं नया चापाकल गाड़ रहा है और न ही कही खराब चापाकलों की मरम्मत ही कर रहा है । विभाग ने गर्मी में भी चापाकलों की मरम्मत नहीं की। ग्रामीण इलाकों में पानी का घोर संकट है। इसके बाद बीच बैठक में ही सभी मुखिया निकलकर चले गए। कनीय अभियंता कुमार आनंद ने कहा कि मुखिया और जलसहिया पर ही सिंगल विलेज स्कीम के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी है । गोविंदपुर प्रखंड के 63 स्थानो पर सोलर टंकी के द्वारा जलापूर्ति की जा रही है । समीक्षा बैठक की जा रही है। बैठक में जलसहिया से सभी स्कीम की जानकारी ली गई और खराब पड़ी स्कीम को चालू करने का निर्णय लिया गया। मुखिया से भी सुझाव लिए गए। स्बैठक में जिला समन्वयक सुनाक्षी कुमारी, जेई मो दानिश, प्रखंड समन्वयक हरिराम महतो, मुखिया रामकिशुन विश्वकर्मा, गोविंद प्रसाद साव, बाबूराम हेंब्रम, निमाई महतो, वीरेंद्र रजक, अख्तर अंसारी, मिहिर मंडल, अनवर अंसारी, शांतिराम रजवार, प्राण चंद्र सोरेन, सोनू मंडल, कृष्ण प्रसाद महतो, यशोदा देवी आदि मौजूद थे।

### जीटीएसई की परीक्षा को लेकर गोल इंस्टीट्यूट में कार्यक्रम



**धनबाद।** बरवाअड्डा गोल इंस्टीट्यूट में मंगलवार को कार्यक्रम के दौरान गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने कहा उक्त परीक्षा के माध्यम से अब तक लगभग 4 लाख छात्र लाभान्वित हुए हैं। हजारों छात्र विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही मेडिकल एवं इंजीनियरिंग में सफलता हासिल कर समाज और राष्ट्र को सेवाएं दे रहे हैं। संस्थान अपने सामाजिक दायित्वों के मद्देनजर जीटीएसई का आयोजन हर वर्ष करती है। ताकि समाज और राष्ट्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता, नैतिकता और समरसता आए एवं सामाजिक कुरीतियां दूर हो। गोल धनबाद के केंद्र निदेशक संजय आनंद ने इस बार जीटीएसई कुछ परिवर्तन के साथ दो चरणों में आयोजित होगी। प्रथम चरण की परीक्षा विभिन्न विद्यालय में ऑफलाइन एवं जो छात्र ऑनलाइन जुड़ना चाहें। टैब या लैपटॉप के माध्यम से दे प्री में चयनित छात्र ही मुख्य परीक्षा में भाग लेंगें। सम्मानित शिक्षकों एवं अभिभावकों से गुजरिश कि उक्त परीक्षा में बच्चों को सम्मिलित कर उन्हें उनके भविष्य के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करें ।

### कृषि को बढ़ावा के लिए बैंक आफ इंडिया की कई योजनाएं: महाप्रबंधक

**गोविंदपुर ।** बैंक ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक (मुंबई ) धनंजय प्रसाद ने कहा कि कृषि एवं व्यापार को बढ़ावा देने के लिए बैंक की कई योजनाएं संचालित हैं । किसान और व्यापारी इन योजनाओं का लाड्ढ़ा उठा सकते हैं। इसके अलावा बीओआई नियो मोबाइल सेवा के जरिए घर बैठे भी बैंकिंग योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। श्री प्रसाद मंगलवार को गोविंदपुर बाजार में बैंक ऑफ इंडिया केआईई शाखा के नए परिसर के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि केसीसी, मुद्रा लोन, विश्वकर्मा लोन समेत छोटे व्यवसाय के लिए भी कई तरह के लोन दिए जा रहे हैं। आंचलिक प्रबंधक विकास रंजन पटनायक ने कहा कि अग्रणी बैंक के दायित्वों का निर्वाह बखूबी किया जा रहा है। गोविंदपुरवासियो को सेवा देने के लिए बैंक तत्पर है । सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि अब ग्राहकों को बेहतर सेवा मिलेगी। शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया।

# कतरास क्षेत्र में ब्लड बैंक की मांग को लेकर तीन दिवसीय अनशन




खबर मन्त्र सावददाता

धनबाद। कतरास में ब्लड बैक की उपलब्धता को लेकर रणधीर वर्मा चौक के धरना स्थल पर सोमवार को तीन दिवसीय अनशन का शुरू किया गया ।

हिन्दुस्तानी नागरिक मोर्चा के बैनर तले अनशनकारियों का कहना है कि कतरास क्षेत्र एक भी ब्लड बैंक नहीं है जिससे वहां के मरीजों को इलाज में बहुत कठिनाई हो रही है, जबकि इस क्षेत्र में 40से 45 छोटे बड़े सरकारी एवं गैर सरकारी हॉस्पिटल तथा नर्सिंग होम है।

यहां अवैध तरीके से ब्लड निकलना और चढ़ाने का काम किया जा रहा है। कभी कभी गलत तरीके से ब्लड चढ़ाने के कारण मरीजों की जान भी चली जाती है। मगर कोई अधिकारी इस क्षेत्र के लोगों का सुध नहीं ले रहा। जबकि इस क्षेत्र में 40से 45 छोटे बड़े सरकारी एवं गैर सरकारी हॉस्पिटल तथा नर्सिंग होम हैं। हिन्दुस्तानी नागरिक द्वारा धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा के साथ मुख्य मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, क्षेत्रीय सांसद, विधायक,और चिकित्सा अधिकारी आदि को लिखित आवेदन दे कर ब्लड बैंक उपलब्ध कराने मांग गई है।

### पूर्वी टुंडी के बीडीओ ने किया योजनाओं का निरीक्षण, दिये कई निर्देश



**पूर्वी टुंडी।** प्रखंड विकास पदाधिकारी अमृता सिंह द्वारा उकमा पंचायत के सोहनाद गांव में अबुआ आवास योजना के तहत निमार्णाधीन आवास का निरीक्षण किया गया। लाभुक सुमित्रा देवी एवं बहामुनि मझीआइन द्वारा अबुआ आवास का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है। बीडीओ ने जल्द से जल्द कार्य चालू करने का निर्देश दिया। मनरेगा के तहत बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के अंतर्गत कूप निर्माण का स्थल निरीक्षण किया गया। जल्द से जल्द कार्य चालू करने का निर्देश दिया । बीडीओ ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर बीपीओ विधान मांझी, जेई सुमित कुमार आदि मौजूद थे।

# डीवीसी को कॉरपोरेट बनाने का नेताओं ने किया विरोध

## मुख्यालय कोलकाता में चेयरमैन से मिला यूनियन नेताओं का प्रतिनिधिमंडल



खबर मन्त्र सावददाता

**मैथन।** डीवीसी को कॉरपोरेट करने के विरोध में डीवीसी श्रमिक यूनियन का प्रतिनिधिमंडल महामंत्री अभिजीत रॉय के नेतृत्व में डीवीसी मुख्यालय कोलकाता में चेयरमैन एस सुरेश कुमार से मिला।

यूनियन नेताओं ने कर्मचारियों और डीवीसी के हित के खिलाफ निर्णय बताया और कहा कि यदि प्रबंधन ने इस गलत निर्णय को वापस नहीं लिया तो यूनियन आंदोलन करेगी।

चेयरमैन श्री कुमार ने कॉरपोरेट बनाने के एसेसमेंट कराने की बात को स्वीकार किया और कहा कि जरूरत पड़ने पर सभी कर्मचारी संगठनों से चर्चा की जाएगी।

वार्ता में नेताओं ने चेयरमैन को जानकारी दी कि कर्मचारियों की कई मांगों को लेकर प्रबंधन और यूनियन के बीच सहमति होने के बावजूद आदेश नहीं निकाला गया। यूनियन नेताओं ने जल्द ऑर्डर निकालने का अनुरोध किया। यूनियन नेताओं ने बेरमो और लातेहार में कार्यरत एनसीडब्ल्यू कर्मचारियों को डीवीसी एसआर के अंतर्गत लेने की बात पर बल दिया और बताया कि इन कर्मियों के साथ अन्याय हो रहा है। चेयरमैन ने आश्वस्त किया कि इस पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। वार्ता में अभिजीत रॉय, राजीव तिवारी, बृजकिशोर सिंह, बिमलेश कुमार, सुरजीत दास शर्मा, सुमन गोस्वामी शामिल थे।

### पाण्डरपाला में निषेधाज्ञा समाप्त

**धनबाद।** शहर के पाण्डरपाला में मुहर्रम के जुलूस के दौरान हिंसक घटना के बाद से जारी निषेधाज्ञा, मंगलवार को समाप्त हो गई। अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक ने बताया कि पुलिस अवर निरीक्षक सह प्रभारी भूली ओपी ने प्रतिवेदित किया है कि 28 जुलाई 2024 को भूली ओपी में दोनों पक्षों के बीच शांति समिति की बैठक में सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने की सहमति बनी है। प्रतिवेदन के आधार पर भारत चौक (पाण्डरपाला) से 1 किलो मीटर की संपूर्ण परिधि में जारी निषेधाज्ञा को निरस्त किया गया है। ज्ञात हो कि मुहर्रम के जुलूस के दौरान उपद्रवियों ने कुम्हार टोला में दर्जनों घरों में तोड़फोड़ की थी। कई वाहन व मंदिर को भी निशाना बनाया गया था। जिला प्रशासन ने उस क्षेत्र में निषेधाज्ञा लगाई थी।

## स्पीड न्यूज

### मानसून सत्र : पांकी विधायक ने किया प्रदर्शन



**मेदिनीनगर।** रांची झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता अपने साथी विधायकों के साथ विधानसभा गेट पर प्रदर्शन किया। विधायक अपने साथ तख्ती लिये हुए थे। तख्ती में मुस्लिम तुष्टीकरण बंद करने सहित कई नारे लिखे हुए थे।

### आज सुबह 10 बजे से नहीं रहेगी बिजली

**छतरपुर, नवडीहा बाजार।** हरिहरगंज पिपरा प्रखंड को सुदना ग्रिड व बिमोड ग्रिड से मिलने वाली विधुत आपूर्ति बुधवार को सुबह 10 बजे से शाम के 5 बजे तक विधुत आपूर्ति बंद रहेगी। इस संबंध में कनीय अभियंता गुनवन्त कुमार ने बताया कि मेंन बिधुत लाइन में तार बदलने व आपूर्ति में मरमत के कार्य किया जा रहा है। जिसके 132/33 में आपूर्ति बाधित रहेगी।

### घरेलू तनाव में महिला ने लगायी फांसी

**हुसैनाबाद, पलामू।** खगड़िया मोहल्ला के मिराज राईन की पत्नी रुकसाना बानो (23) ने घरेलू तनाव में आकर फांसी लगा ली, जबकि मृतका की मौसी ने बताया कि रुकसाना को ससुराल के लोगों ने गला दबा कर मार डाला है। ससुराल पक्ष के लोग आत्महत्या बता रहे हैं। बताया जाता है कि मिराज ने रुकसाना से प्रेम विवाह किया था। उसका ससुराल हुसैनाबाद के उपरी में है। मृतका की मौसी हुस्न आरा ने बताया कि मिराज ने रुकसाना से प्रेम विवाह किया है। मगर इसमें सभी की सहमति थी। फिलहाल पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया है।

### सामाजिक कार्यकर्ता ने बांटे फुटबॉल



**सतबरवा।** सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा ने फुटबॉल वितरण कार्यक्रम के दुसरे चरण में दुलसुलमा व मुरमा गांव के खिलाड़ियों के बीच मंगलवार को फुटबॉल वितरण किया। श्री सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में हमेशा सहयोग करते रहा हूं। आगे भी सहयोग करता रहूंगा। मौके पर रविंद्र सिंह, विशाल पांडेय, कन्हाई कुमार,पिंटु चंद्रवंशी, राकेश सिंह, राहुल कुमार मौजूद थे।

### टमाटर की खेती को लगी कृषक पाठशाला



**उंटारी रोड, पलामू।** प्रखंड के करकट्टा पंचायत में आत्मा पलामू ने वैज्ञानिक विधि से टमाटर की खेती को लेकर कृषक पाठशाला लगायी। जिसमें एफपीओ के सीईओ रवि रंजन ने मिट्टी जांच, खेत की अंतिम तैयारी, नर्सरी का प्रबंधन हेतु किसानों को बताया। उन्होंने सब्जी वर्गीय किसी भी फसल के बीज लगाने के लिए कोको पीट एवं वर्मी कंपोस्ट का इस्तेमाल करते हुए ट्रे में लगाने के लिए प्रेरित किया। मौके पर किसान राम शरण, सत्यानंद, कृष्ण मेहता, सुदामा मेहता, राम गोविंद महतो, शंकर राम, गुड़िया देवी आदि थे।

### किसान सभा ने जलायी बजट की प्रतियां



**विश्रामपुर (पलामू)।** संयुक्त किसान मोर्चा झारखंड के घटक संगठन अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा ने मंगलवार को केंद्र सरकार के विरोध में विश्रामपुर बस स्टैंड चौक पर प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्रीय बजट 2024 की प्रतियां भी जलायी गयी। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने मोदी सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे डॉ अनिल मिस्त्री ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार किसान और मजदूर विरोधी है। मौके पर लियाकत अंसारी, नंदलाल यादव, राजेंद्र चौधरी, देवधारी भुइयां आदि भी मौजूद थे।

### ठेकही टोला के रामेश्वर का निधन जेल में बंद बेटों ने किया अंतिम संस्कार



**पांडू पलामू।** ठेकही टोला के रामेश्वर साव (80) का निधन 29 जुलाई को हो गया। उनके दो बेटे नरेंद्र (50) और राजेश (45) 2 महीने से सेंट्रल जेल डाल्टनगंज में बंद हैं। आपसी गोतिया के झगड़े में उनपर मुकदमा दर्ज है। स्थिति यह है कि अब बाप का अंतिम संस्कार कौन करता? इसे लेकर ग्रामीण एवं उसके मेहमान परिजनों ने प्रे वेल पर दोनों को लाने का निर्णय लिया, जिसके लिए न्यायालय में अर्जी दाखिल की। जिसकी सुनवाई के बाद पिता की मुखाग्नि की अनुमति मिली। प्रशासन ने 30 जुलाई की सुबह नरेंद्र और राजेश को अपने जवानों की कड़ी सुरक्षा के साथ लाया।

### देश को तोड़नेवाले बांट रहे ज्ञानः श्वेतांक

**मेदिनीनगर।** भाजयुमो पलामू जिला महामंत्री श्वेतांक गर्ग ने बयान जारी कर झारखंड की ठगबंधन सरकार को झारखंड और झारखंडियत को शर्मशार करनेवाला बताया। श्री गर्ग ने कहा कि देश को तोड़ने और लूटने वाले आज ज्ञान बांटते फिर रहे हैं। कहा कि झामुमो सरकार ने बंगलादेशियों का घुसपैठ कराकर झारखंड में आदिवासी मूलवासी का शोषण किया है। सत्ता के लोग ही आदिवासियों की जमीन हड़प रहे हैं।

### गरीबों, पिछड़ों व शोषितों के विकास के लिए निरंतर संघर्ष करूंगा: आलोक



**मेदिनीनगर / चैनपुर।** डाल्टनगंज-भंडरिया विधायक आलोक चौरसिया ने हाल ही में क्षेत्र में तीन महत्वपूर्ण पुलों के निर्माण की स्वीकृति दिलाकर विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं। ये पुल बनने से क्षेत्र में व्यापक विकास और सुविधा में सुधार होगा। चैनपुर प्रखंड में तहले नदी पर 500.15800 लाख रुपयेसे 116.16 मीटर लंबा पुल बनेगा। सतबरवा प्रखंड में गणपत चौधरी के घर के पास 336.46500 लाख से 67.08 मीटर लंबा पुल निर्माण होगा। वहीं मेदिनीनगर प्रखंड में मलय नदी पर 346.05800 लाख से 68.44 मीटर लंबा पुल बनेगा।

## पांकी विधायक ने विधानसभा में पूछा अल्पसूचित प्रश्न

# बसौरा राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में आखिर कब तक शुरू होगी पढ़ाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



डॉ शशिभूषण मेहता।

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा मानसून सत्र के तीसरे दिन पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अल्पसूचित प्रश्न में कहा कि पांकी विस क्षेत्र के बसौरा राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में कब तक पढ़ाई शुरू करायी जायेगी। विधायक ने कहा कि क्या यह बात सही है कि पांकी विस क्षेत्र के बसौरा में राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान का भवन बन कर तैयार है? क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण पूर्ण हो जाने के महीनों बीतने के बाद भी संस्थान को आरंभ करके विद्यार्थियों को उच्च तकनीकी शिक्षा का लाभ नहीं मिल पा रहा है? क्या यह बात सही है कि क्षेत्र में संस्थान निर्मित होने बावजूद विद्यार्थियों को दूसरे स्थानों में जाकर पाठ्यक्रम की शिक्षा लेनी पड़ रही है? यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार अविलंब राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान, बसौरा, पलामू में शिक्षण कार्य आरंभ कराना चाहती है, यदि हां, तो कब तक? नहीं हो क्यों? विधायक के प्रश्न के जवाब में कहा गया कि खुंटी, चतरा, लोहरदगा, हजारीबाग, जामताड़ा, गोड्डा, बगोदर व पलामू में नवनिर्मित 08 पोलिटेक्निक संस्थानों को विभागीय संकल्प - 831 दिनांक- 25.08.2022 से प्रेझा फाउंडेशन का चयन कर संचालित करने की स्वीकृति दी गयी है।

# कोयल पुल का नाम पुरनचंद सेतु कर धन्य हुई : अरुणा शंकर

## उनकी सादगी की पहचान - घसीटा साव का कोठा, धर्मशाला का लोटा और पिंटू होटल का ओटा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एकीकृत बिहार के गांधी कहे जाने वाले पिछड़ों के मसीहा स्वर्गीय पुरनचंद की पुण्यतिथि पर प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मुख्य बाजार एवं चैनपुर में लगे स्वर्गीय पुरनचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए उनकी यादों में कही। स्वर्गीय पुरनचंद जिन्हें पांच बार

**पांच बार रह चुके हैं डालटनगंज भंडारिया के विधायक :** डाल्टनगंज भंडारिया विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जिन्हें एकीकृत बिहार में कैबिनेट मंत्री भी रहने का अवसर मिला लेकिन अंतिम समय तक ना वो अपने लिए एक वाहन खरीद सके ना ही एक मकान बना सके इसलिए उनकी पहचान बन गयी थी। घसीटा साव का कोठा, धर्मशाला का लोटा और पिंटू होटल का ओटा।

श्रीमती शंकर ने कहा कि उनके काफी नजदीक रहे क्यूम रूमानी चाचाजी ने मुझे बताया था कि वह इतने लोकप्रिय थे कि उनका चुनाव का गाना था बरगद का प्रचार रस्ते रस्ते, पूरण जी का प्यार रस्ते रस्ते और प्रचार के क्रम में वह एक वोट एक नोट मांगा करते थे, जो उन्हें मिलता भी था।





कार्यक्रम में उपस्थित प्रथम महापौर अरुणा शंकर व अन्य।

श्रीमती शंकर ने कहा कि उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि कोयल पुल थी जिसका नामकरण मैंने अपने समय में बोर्ड से पारित कर पुरनचंद सेतु कर खुद को धन्य समझती हूं। शहर का मुख्य ओवर ब्रिज, पलामू एक्सप्रेस, सोकरा माइंस खुलवाने का भी श्रेय उन्हीं को जाता है। उस वक्त भंडारिया जैसे सुदूर गांव में पलामू का पहला रेफरल अस्पताल खुलवाने का श्रेय उनके खाते में है। मौके पर माल्यार्पण करने के पूर्व कैबिनेट मिनिस्टर रामचंद्र केसरी स्वर्गीय पुरण चंद के पोते अभिजीत कुमार, पुरनचंद ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश प्रसाद, प्रोफेसर युगल किशोर प्रसाद एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पुलिस लाइन स्टेडियम में होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

- स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में शामिल पदाधिकारी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन व उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर जिला में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन केंद्र मेदिनीनगर में प्रातः 9:05 बजे होगा। इसके बाद पलामू प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, जिला समाहरणालय, नगर निगम सहित जिले के समस्त कार्यालय, सदर अनुमंडल कार्यालय, जिला परिषद कार्यालय एवं रेड क्रॉस सोसाइटी परिसर में झंडोत्तोलन होगा। परेड में अर्धसैनिक बलों की अलग-अलग टुकड़ियां शामिल होंगी। नगर आयुक्त ने स्टेडियम में कार्यक्रम को लेकर बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिये। वहीं सड़कों पर बैरिकेडिंग व मेडिकल टीम के तैनाती सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। बेहतर परेड के लिए टुकड़ियों को सम्मानित भी किया जायेगा। समारोह को लेकर पुलिस लाइन स्टेडियम सहित शहर के सभी चौक-चौराहों पर स्थापित प्रतिमाओं व मूर्तियों की साफ सफाई करने का निर्णय लिया गया।

### 3.82 लाख से अधिक बच्चों को दी जायेगी पल्स पोलियो की खुराक

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान के तहत पलामू जिला स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से मुस्तैद है। इसे लेकर सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीएम यूनिट के लोगों ने भाग लिये। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डा अनिल कुमार सिंह ने कहा कि यह देशव्यापी अभियान है। इसकी शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करना उद्देश्य होना चाहिए। इस अभियान में किसी प्रकार की कोई कोताही न बरतें। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रत्येक वर्ष चलायी जा रही है इसके बावजूद भी जो बच्चे पोलियो के एक भी खुराक अभी तक नहीं लिये हैं वे बच्चे ज्यादा खतरा वाले हैं।

# पलामू डीसी ने की जिला स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की गयी। समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक मेंमुख्य रूप से मनरेगा अन्तर्गत कार्य करने वाले मजदूरों की संख्या, मजदूरों की बकाया राशि, अबुआ आवास, डोभा,आधार वेरिफिकेशन, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, बिरसा हरित ग्राम योजना, कुंआ निर्माण की प्रगति, प्रधानमंत्री पशुधन विकास योजना, जल समृद्धि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सोख्ता गड्ढा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, प्लेग्राउंड, 15वें वित्त संबंधी योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, आंगनबाड़ी केंद्र, बाबा



**मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के आवेदन हेतु 3 से 10 अगस्त लगाये जायेंगे कैम्प,सभी बेहतर को-आर्डिनेशन का परिचय दें : उपायुक्त-** बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 3 से 10 अगस्त तक विशेष शिविर में आवेदन लिये जायेंगे। इस में सभी पदाधिकारी बेहतर कोआर्डिनेशन का परिचय देते हुए सभी योग्य युवतियों व महिलायों का आवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो यह सुनिश्चित करें। निर्वाचन विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी ईआरओ यह सुनिश्चित करें कि उनके क्षेत्र अंतर्गत सभी 18 प्लस के युवा का नाम मतदाता सूची में रहे।

साहब भीम राव अंबेडकर आवास, अबुआ आवास, सामाजिक सुरक्षा अन्तर्गत पेंशन योजना अन्तर्गत सभी योजनाएं समेत अन्य की समीक्षा की गयी। इसके अतिरिक्त भवन निर्माण विभाग, लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ प्रमंडल, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, गव्य विकास समेत अन्य विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की गयी।

### सगुना पंचायत में अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा



**पाटन पलामू।** प्रखंड के ग्राम पंचायत सगुना में अबुआ आवास को लेकर हुई ग्राम सभा की अध्यक्षता सगुना मुखिया मंजू देवी ने की। जिसमें पंचायत सचिव अहमद हुसैन अंसारी ने अबुआ आवास को लेकर विस्तृत जानकारी दी। कहा कि बेहद गरीब लोगों के लिए अबुआ आवास है। इसका लाभ पंचायत के अति गरीब अंतिम व्यक्ति को मिले इसके लिए पूर्ण पारदर्शी तरीके से ग्राम सभा की गयी है। ग्राम सभा में सुरेंद्र सिंह, पंसस समरुन बीबी, मुस्तकीम अंसारी, वार्ड सदस्य राप्ती देवी, रामरती देवी, मनोज कुमार, राजा बाबू, भरत राम, प्रिंस कुमार, मंटू साव, अनुज सिंह, मजलूम हुसैन भी थे।

### मुखिया ने 131 बच्चों में किया स्कूल किट वितरित



**सतबरवा पलामू।** धावाडीह मुखिया रिंकी यादव ने मंगलवार को उमवि लोहरा पोखरी हरिजन टोला के कक्षा एक से आठ तक 131 बच्चों के बीच स्कूल किट बांटा। जिसमें ज्यामिति बॉक्स, कलम, पेंसिल, रबर और कटर आदि है। मुखिया ने कहा कि बच्चे मन लगाकर पढ़ें। बच्चों को पढ़ाई में किसी तरह की कठिनाई न हो इसलिए राज्य सरकार निःशुल्क किताब, कलम, कौपी, पेंसिल, बैग, स्कूल ड्रेस, जूता मोजा, छात्रवृत्ति, आठवीं के बच्चों को निशुल्क साइकिल, मध्याह्न भोजन दे रही है। सीआरपी सुधीर मिश्रा ने कहा कि सरकार हर तरह से सरकारी विद्यालय के बच्चों को सहयोग कर रही है। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका बिमला कुमारी, सहायक अध्यापक, अध्यक्ष रागनी देवी, रसोईया पूनम देवी, चम्पा कुंवर समेत स्कूल के बच्चे मौजूद थे।

### श्रीराम बने लोहड़ा पंचायत पैक्स के निर्विरोध अध्यक्ष



**पंडवा पलामू।** लोहड़ा पैक्स भवन में लोहड़ा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष के चुनाव को लेकर सदस्यों की बैठक हुई। जिसमें चुनाव पर्यवेक्षक बीसीओ निशीतोष ठाकुर ने भाग लिया। बीसीओ ने अध्यक्ष पद के सदस्यों से नामांकन पत्र की मांग की। जिसके बाद श्रीराम मेहता ने दावेदारी पेश की। एक ही नामांकन पत्र दाखिल होने के बाद पर्यवेक्षक सह बीसीओ निशीतोष ठाकुर ने श्रीराम मेहता को लोहड़ा पंचायत का निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया। अध्यक्ष के चुनाव के बाद प्रबंध समिति सदस्यों का भी गठन किया गया।

# 13 दशक पूर्व में स्थापित विद्यालय अभी भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**अमित कुमार चौधरी**

- 1 जनवरी 1895 को हुई थी विद्यालय की स्थापना, 1 अगस्त 1929 को मिली थी मान्यता
- विद्यालय में नहीं पहुंची है बिजली आनलाइन क्लास से वंचित हैं विद्यार्थी
- सड़क नहीं रहने से रेलवे ट्रैक पार कर विद्यालय जाते हैं विद्यार्थी व शिक्षक
- उंटारी रोड प्रखंड के स्तरोन्नत उवि भीतिहारा की है अजीबोगरीब कहानी



**उंटारी रोड पलामू।** प्रखंड के जोगा पंचायत अंतर्गत भीतिहारा में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय भीतिहारा अभी भी मूलभूत व बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। विद्यालय की स्थापना 1 जनवरी 1895 को हुई थी। अगले दिन से बाबु दुखी साहू के मकान के ढाबे में पढ़ाई शुरू हो गयी। पुनः 1 जून को 1902 को बाबु दुखी साहू के मकान से बाबु मुखदेव पांडेय के मकान में विद्यालय शिफ्ट किया गया। लगभग 24 वर्षों तक विद्यालय गांव में ही चलता रहा। 1 जून 1919 को गांव से बाहर उग्र नारायण पांडेय की जमीन पर विद्यालय के लिए एक कोठरी बनायी गयी। मार्च 1929 में बाबु सुखदेव पांडेय पुनः अपने जमीन में विद्यालय का एक मकान बनवाया।

# अबुआ आवास को लेकर विभिन्न पंचायतों में हुई ग्रामसभा का एसडीओ ने किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- अबुआ आवास या पीएम आवास योजना में गड़बड़ी करने पर मुखिया व पंचायत सचिव पर होगी कार्रवाई : पीयूष सिन्हा



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड के विभिन्न पंचायत सचिवालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में अबुआ आवास के लाभुकों के चयन को लेकर ग्राम सभा की। जिसमें हुसैनाबाद एसडीओ सह आइएएस पीयूष सिन्हा ने निरीक्षण किया। ग्राम सभा की अध्यक्षता कर रहे संबंधित मुखिया, पंचायत सचिव व बीडीओ से स्थिति का जायजा लिया। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण भी थे। आवास को लेकर लोटनिया पंचायत, बैरांव पंचायत व देवरी कला पंचायत सचिवालय में एसडीओ ने औचक निरीक्षण के दौरान कहा कि अबुआ आवास व प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों की उपस्थिति में ही मुखिया व पंचायत सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि आवास योजना में गड़बड़ी करने वाले की शिकायत मिली तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## सिविल सर्जन ने अस्पताल समेत कई स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- सिविल सर्जन द्वारा किये गये कार्यों का परिणाम ग्रामीण स्तर पर दिखने लगा है
- सिविल सर्जन ने निरीक्षण के दौरान दिये कई निर्देश



**हुसैनाबाद पलामू।** पलामू जिला में मौसमजनित रोगों के रोकथाम के साथ एनीमिया से बचाव को लेकर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह लगातार सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं। साथ ही स्वास्थ्य के प्रति जिला स्तर पर जन जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। जिस प्रयास का रंग ग्रामीण स्तरों पर दिखने लगा है कि सरकारी विद्यालयों में पढ़नेवाले बच्चे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते हुए स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपने रोग से संबंधित दवा तो ले ही रहे हैं। साथ ही साथ आयरन की गोली की मांग छात्राएं कामगारपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र में मांगते हुई नजर आयीं।

## पूर्व मंत्री के निधन पर जदयू ने जताया शोक

**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री बच्चा सिंह के निधन पर पलामू जिला जनता दल यूनाइटेड ने शोक जाहिर किया। जदयू के जिला कार्यालय डाल्टनगंज में एक शोक सभा की गयी। जदयू के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ने शोक जताते हुए बताया कि पूर्व मंत्री स्वर्गीय बच्चा सिंह बहुत ही लोकप्रिय नेता थे। उनका कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा है। उनकी अनुपस्थिति हम लोगों को बहुत याद आयेगी। शोकसभा में पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, महासचिव सुरेंद्र यादव, नितेश्वर मेहता, अवध किशोर सिंह आदि भी थे।

## परिवार स्वास्थ्य मेला में बेहतर करने वाली सहियाएं होंगी सम्मानित : डॉ राजेंद्र कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार स्वास्थ्य मेला के तहत प्रत्येक दिन हो रहा बंध्याकरण



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इन दिनों परिवार स्वास्थ्य मेला 2024 चल रहा है। इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक दिन बंध्याकरण का ऑपरेशन किया जा रहा है। मंगलवार को झरहा कल की साहिया रिंकी देवी के द्वारा पांच लाभार्थियों का बंध्याकरण प्रोत्साहित कर कराया गया। इस उपलब्धि के लिए रिंकी देवी को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने सम्मानित करने का घोषणा किया। डॉ राजेंद्र कुमार ने कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी सहिया को सम्मानित किया जायेगा.सम्मान उन्हे आगे भी और बेहतर करने की प्रेरणा देगा।

## पशुपालन विभाग के एआई कर्मचारियों ने दिया धरना

# मांगें पूरी नहीं होने पर सीएम के समक्ष किया जायेगा प्रदर्शन : अजय पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



धरना-प्रदर्शन के दौरान उपस्थित लोग।

**मेदिनीनगर।** झारखंड पशुपालन विभागीय एआई कर्मचारी संघ के तत्वावधान में पलामू, लातेहार, गढ़वा के एआई कर्मचारियों ने पशुपालन निदेशक पलामू प्रमंडल मेदिनीनगर कार्यालय के समक्ष धरना दिया।

धरना के बाद प्रतिनिधिमंडल ने पशुपालन के क्षेत्रीय निदेशक को चार सूत्री ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से एक कर्मचारियों का वर्ष 2019 से बकाया मानदेय दिलाने, पशुपालन विभाग में वर्षों से कार्यरत एआई कर्मचारी नियमावली तैयार कर वरीयता सूची निर्गत करने, पशुपालन विभाग में तृतीय व चतुर्थ वर्ग के रिक्त पदों पर एआई कर्मचारी को वरीयता व योग्यता के आधार पर नियमित करने, वर्तमान मानदेय राशि व प्रोत्साहन राशि देय बीमा लाभ को ससमय भुगतान व्यवस्था सरल करने की मांग की गयी। इसके पूर्व धरना स्थल पर सभा की गयी।

सभा में एआई संघ के अध्यक्ष अजय पांडेय ने कहा कि हमारी मांगें जायज है। सरकार को सभी मांगें पूरी करनी चाहिए। अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो नौ अगस्त को रांची में सीएम के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। इसके बाद भी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो बाध्य होकर 20 अगस्त से झारखंड के एआई कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर चले जायेंगे। धरना में विजय यादव, मुकेश गुप्ता, कुलदीप मेहता, विकास प्रताप देव, राजु रंजन पाल, बाबूलाल चौधरी, हरिचंद्र मेहता, संजीव मेहता, उपेंद्र कुमार, चंदन यादव व कई कर्मचारी शामिल थे।

# टाटा मोटर्स जमशेदपुर में अप्रेंटिसशिप के लिए 120 प्रशिक्षणार्थियों का हुआ चयन

- ज्योति आईटीआई में टाटा मोटर्स जमशेदपुर द्वारा अप्रेंटिसशिप आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अप्रेंटिशिप के दौरान उपस्थित विद्यार्थी और शिक्षक।

**मेदिनीनगर।** कांदू मोहल्ला स्थित ज्योति आईटीआई में देश के प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स जमशेदपुर द्वारा अप्रेंटिसशिप का आयोजन किया गया। जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण पलामू प्रमंडल व निकटवर्ती कई जिलों के करीब 400 प्रशिक्षणार्थियों ने साक्षात्कार में भाग लिया। जिसमें 120 प्रशिक्षणार्थियों का टाटा मोटर्स जमशेदपुर में अप्रेंटिसशिप के लिए किया गया। कंपनी के साक्षात्कार अधिकारियों ने ज्योति आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों और संस्थान के अनुदेशक गण की सराहना करते हुए कहा कि यहां के अनुशासन, कार्य व्यवस्था और पूरे संस्थान का मैनेजमेंट बहुत ही सराहनीय है। यहां के प्रशिक्षणार्थियों की जानकारी और गुणवत्ता इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग के लिए अति उत्तम है। मौके पर संस्थान के सचिव ज्योति पांडे ने बताया कि अप्रेंटिसशिप बच्चों को जीवन की वास्तविक दुनिया का अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। इससे प्रशिक्षणार्थियों को अपने चुने हुए क्षेत्र में सीधे काम करने का अनुभव प्राप्त होता है। आईटीआई करने के उपरांत प्रैक्टिकल ज्ञान और कौशल को निखारने में अप्रेंटिसशिप महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साथ ही नौकरी के अवसर भी खुल जाते हैं एक फ्रेशर से अनुभवी व्यक्ति के रूप में जाने जाते हैं। श्री पांडे ने कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को गुणवत्तापूर्ण ट्रेनिंग देने के साथ-साथ छात्रों को रोजगार और अप्रेंटिसशिप देने वाले कंपनी से लगातार जोड़ना भी है।

